भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 112*

09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुर्वेदिक अनुसंधान केंद्रों की स्थापना

*112. श्री सुशील कुमार रिंकू:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए नए आयुर्वेदिक अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पंजाब सहित देश में कार्यरत आयुर्वेदिक अनुसंधान केन्द्रों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उक्त केन्द्रों में अनुसंधान और विकास के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 09 फरवरी, 2024 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 112* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): अभी तक आयुष मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त/लंबित नहीं है।

(ख): उपर्युक्त (क) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग): भारत सरकार ने केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) की स्थापना की है, जो आयुर्वेद में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान शुरू करने, समन्वय, निर्माण, विकास और संवर्धन के लिए आयुष मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है। अनुसंधान गतिविधियां पूरे भारत में स्थित 30 संस्थानों/केंद्रों/इकाइयों के माध्यम से और विभिन्न विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और संस्थानों के साथ सहयोगी अध्ययन के माध्यम से की जाती हैं। सीसीआरएएस संस्थानों/केंद्रों की सूची **संलग्नक-I** पर दी गई है।

केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई), पटियाला नामक एक संस्थान पंजाब राज्य में सीसीआरएएस के तहत कार्यशील है।

(घ): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के बजट और उपयोगिता का ब्योरा **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

*****

संलग्नक-I

<u>सीसीआरएएस अनुसंधान संस्थानों/केंद्रों की राज्य-वार सूची</u>

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संस्थान/केंद्र का नाम
1.	अंदमान व निकोबार द्वीप	1) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पोर्ट ब्लेयर
2.	आंध्र प्रदेश	2) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, विजयवाड़ा
3.	अरुणाचल प्रदेश	3) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ईटानगर
4.	असम	4) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी
5.	बिहार	5) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटना
6.	दिल्ली	6) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
7.	गोवा	7) क्षेत्रीय आयुर्वेद खनिज एवं समुद्री औषधीय संपदा अनुसंधान संस्थान, गोवा
8.	गुजरात	8) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद
9.	हिमाचल प्रदेश	9) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मंडी
10.	जम्मू-कश्मीर	10) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जम्मू
11.	कर्नाटक	11) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, बेंगलुरु
12.	केरल	12) राष्ट्रीय आयुर्वेद पंचकर्म अनुसंधान संस्थान, चेरुथुरुथी
		13) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम
13.	मध्य प्रदेश	14) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, ग्वालियर
14.	महाराष्ट्र	15) राजा रामदेव आनंदीलाल पोदार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुंबई
		16) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर
		17) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे
15.	नागालैंड	18) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, दीमापुर, नागालैंड
16.	ओडिशा	19) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर
17.	पंजाब	20) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पटियाला
18.	राजस्थान	21) एम.एस. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, जयपुर
19.	सिक्किम	22) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक
20.	तमिलनाडु	23) कैप्टन श्रीनिवास मूर्ति केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई
		24) डॉ. अचंता लक्ष्मीपति क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, चेन्नई
21.	तेलंगाना	25) भारतीय चिकित्सा राष्ट्रीय विरासत संस्थान (एनआईआईएमएच), हैदराबाद
22.	त्रिपुरा	26) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र, अगरतला, त्रिपुरा
23.	उत्तर प्रदेश	27) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, झांसी
		28) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
24.	उत्तराखंड	29) क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत
25.	पश्चिमी बंगाल	30) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, कोलकाता

<u>संलग्नक-II</u>

सीसीआरएएस के पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए बजट और उपयोगिता का ब्यौरा

वर्ष	आबंटित बजट	उपयोगिता एसएआर के अनुसार
2020-21	272.62	254.13
2021-22	316.97	300.58
2022-23	360.50	353.57
2023-24	343.13 (06.02.2024 तक)	296.48 (06.02.2024 तक)